पुस्तकालय के बारे में:

जगत तारन गर्ल्स पी. जी. डिग्री कॉलेज (जे.टी.जी.पी.जी.सी.) केन्द्रीय ग्रन्थालय स्नातक और परास्नातक छात्रों और संकाय सदस्यो के लिए पाठ्य पुस्तकों, संदर्भ पुस्तकों, पत्रिकाओं, शोध पत्रिकाओं, समाचार पत्रों, सीडी / डीवीडी, ऑनलाइन डेटाबेस के उचित संग्रह और कई विशेष सुविधाओं के साथ अध्ययन के लिए एक उत्कृष्ट स्थान है। पुस्तकालय में DELNET, INFLIBNET और NDLI की सदस्यता उपलब्ध है जो उपयोगकर्ताओं को उनकी आवश्यक पठन सामग्री प्राप्त करने में मदद करती है। पुस्तकालय पठन सामग्रियों के उचित उपयोग के लिए मुक्त अधिगम (open access) प्रदान करता है. डी डी सी कॉल नंबरों के आधार पर पुस्तकों का व्यवस्थापन किया गया है। पुस्तकालय SOUL सॉफ्टवेयर के द्वारा स्वचालित है।

पुस्तकालय के नियम:

सामान्य नियम:

1. सभी छात्र, शोध छात्र, संकाय सदस्य और गैर-शिक्षण कर्मचारी पुस्तकालय के सदस्य हैं।
2. उपयोगकर्ताओं को पुस्तकालय-सेवा के उपयोग से पहले रजिस्टर में हस्ताक्षर करना होगा।
3. निजी मुद्रित सामग्री यानी किताबें, जर्नल, पत्रिकाएं आदि और अन्य सामान लाइब्रेरी रीडिंग रूम और स्टैक क्षेत्र में लाने की अनुमति नहीं है।
4. पुस्तकालय में फोटोग्राफी, धूम्रपान, नींद, सेल फोन का उपयोग और जोर से बात करना सख्त वर्जित है।
5. उधार पर लिए बिना या बिना विशेष अनुमति के - किसी भी मुद्रित पठन सामग्री को पुस्तकालय से बाहर नहीं ले जाया जा सकता है।
6. उधार ली गई सामग्री पुस्तकालय छोड़ने से पहले पुस्तकालय के कर्मचारियों द्वारा जाँच की जा सकती हैं।
7. मुद्रित सामग्री के पृष्ठों में चिह्न लगाने, रेखांकित करने, लिखने या पृष्ठ फाड़कर नुकसान पहुँचाने की अनुमति नहीं है।
8. पुस्तकालय के नियमों और विनियमों का उल्लंघन करने पर पुस्तकालय सदस्यता समाप्त हो सकती है।
9. कॉलेज से बाहरी लोगों को प्राचार्य की विशेष अनुमति के बिना पुस्तकालय के उपयोग की अनुमति नहीं है।

सदस्यता नियम:

1. पुस्तकालय सदस्यता केवल जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज, प्रयागराज के संकाय सदस्यों, छात्रों, शोध छात्रों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए उपलब्ध है।
2. सदस्यों को पुस्तकालय के प्रवेश द्वार पर अपना पहचान पत्र दिखाना चाहिए।

3. कॉलेज छोड़ने पर छात्रों, संकाय सदस्यों और गैर शिक्षण कर्मचारियों के लिए लाइब्रेरी से "अदेय प्रमाण पत्र" आवश्यक है।

लेन-देन के नियम:

1. पुस्तक लेन-देन की सुविधा केवल पंजीकृत सदस्यों तक ही सीमित है।
2. छात्रों को पुस्तकें उधर पर लेने के लिए अपना पुस्तकालय कार्ड प्रस्तुत करना होगा।
3. पाठ्यपुस्तकें छात्र को 7 दिनों के लिए और संकाय सदस्य को 30 दिनों के लिए उधर पर दी जाएँगी।
4. अन्य पाठको द्वारा आरक्षित पुस्तकें उधार पर नहीं दी जा सकती हैं।
5. छात्रों द्वारा पुस्तकें नियत समय पर नहीं लौटने पर रु. २ प्रति पुस्तक प्रति दिन देय होगा।
6. संदर्भ पुस्तकें, आवधिक प्रकाशन और गैर मुद्रित सामग्री पुस्तकालय से उधार पर नहीं दी जा सकेंगी।
7. पाठको को पुस्तक लेने के पहले जांच कर लेनी चाहिए। त्रुटि मिलाने पर, काउंटर पर उपलब्ध पुस्तकालय कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षर कराना चाहिए। केवल अच्छी स्थिति वाली किताबें ही वापस स्वीकार की जाएंगी।
8. यदि पुस्तकें लेने के पश्चात खो जाती हैं, तो पाठक को समान/उच्चतर संस्करण की नई पुस्तक वापस करनी होगी। यदि पुस्तकें बाजार में उपलब्ध नहीं हैं, तो पाठक को पुस्तक मूल्य के साथ ५०० रु. भुगतान करना होगा।
9. किसी छात्र द्वारा लाइब्रेरी कार्ड या रीडिंग कार्ड खो जाने की स्थिति में नया कार्ड बनवाने के लिए रु 25/-शुल्क के रूप में लिया जाएगा।
10. बहु-खंड वाली पुस्तक का एक खंड क्षतिग्रस्त होने या खो जाने पर उधारकर्ता को सभी खंड बदल कर प्रस्तुत करना होगा, यदि बाजार में अलग से एक खंड उपलब्ध नहीं है।
11. पुस्तकें पुस्तकालय की संपत्ति हैं; इसलिए पुस्तकों को असाधारण मामलों में देय तिथियों से पहले वापस करने के लिए कहा जा सकता है।
12. पुस्तकालय द्वारा छात्रों को एक वर्ष की अवधि के लिए मुद्रित सामग्रियों को पढ़ने और उधार पर दिये जाने के लिए क्रमशः रीडिंग कार्ड और लाइब्रेरी कार्ड जारी किए जाते हैं।

कंप्यूटर / लैपटॉप आदि का उपयोग:

1. पुस्तकालय में कंप्यूटर और लैपटॉप का उपयोग अकादमिक उद्देश्यों के लिए ही किया जाना चाहिए।
2. कोई चैटिंग, सोशल नेटवर्किंग साइट ब्राउज़ करना, कंप्यूटर और लैपटॉप पर गेम खेलने की अनुमति नहीं है।

3. केवल उन्हीं स्थानों में लैपटॉप की अनुमति है जहां कंप्यूटर नहीं हैं।

4. ऑनलाइन डेटाबेस या सेवाओं के उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड साझा करने की अनुमति उपयोगकर्ताओं को किसी भी मामले में नहीं है।

5. उपयोगकर्ताओं के पास उनके द्वारा उपयोग किए जा रहे कंप्यूटर पर किसी भी पासवर्ड को सेट या बदलने का अधिकार नहीं है।

6. छात्रों को अपने पेन ड्राइव, सीडी / डीवीडी, मोबाइल और वॉलेट आदि का ध्यान रखना होगा।